जेएसपीएल फाउन्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा 'विश्व कैंसर दिवस' पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

''विश्व कैंसर दिवस'' का लक्ष्य लोगों को कैंसर से रोकथाम योग्य बनाकर मौतों से बचाना

» स्वयं जागरूक रहकर अपने, सगे संबंधियों एवं समुदाय को भी जागरूक करने का प्रयास करें

रायगढ़@किरणदूत

''विश्व कैंसर दिवस'' एक मात्र पहल है, जिसके अंतर्गत पूरी दूनियॉ को वैश्विक कैंसर की महामारी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट करना है। प्रत्येक वर्ष 04 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है, जिसका सम्पूर्ण लक्ष्य लोगों को कैंसर बीमारी के प्रति जागरूक करना है। जिसके कारण प्रतिवर्ष लाखों लोगों को रोकथाम योग्य बनाकर मौतों से बचाया जा सके।



उपरोक्त बातों को दृष्टिगत रखते हुऐ ''विश्व कैंसर दिवस'' अंतर्गत जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा कैंसर के कारणों एवं इससे बचाव व इसके रोगियों की देखभाल के प्रति जागरूकता लानें के लिए ग्राम कोड़केल में जन जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम ग्राम पंचायत कोड़केल के सरपंच रमिला सिदार, पूर्व सरपंच उसमति सिदार, स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. हेमेन्द्र साहू, जेएसपीएल फाउन्डेशन, जेपीएल तमनार, लक्ष्मण बहिदार, सुनीतू सारस्वत की उपथिति में किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम लक्ष्मण बहिदार ने जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार के द्वारा बेहतर स्वास्थ्य वातावरण निर्माण के लिए क्षेत्र में किये जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यों एवं योजनाओं बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होनें बताया कि यह घातक बीमारी है परंतु जानकारी एवं जागरूकता से इस महामारी से बचा जा सकता है।

सुनीतू सारस्वत ने अपने सम्बोधन में ग्रामवासियों से आग्रह किया कि यदि सही समय में बीमारी को पहचान कर इसके समुचित निदान का प्रयास किया जाय तो इस बीमारी से बचा जा सकता है। अतएव हम सभी जागरूक रहें व इस घातक बीमारी से अवगत होकर अपने निकटस्थ सगे संबंधियों एवं समुदाय को भी जागरूक करने का प्रयास करें। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. हेमेन्द्र साहू ने कैंसर के कारणों, बचाव तथा इससे होने वाली अन्य जटिलताओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होनें इस बीमारी के साथ जी रहे लोगों के संतुलित जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कैंसर रोगियों को अपने आहार का विशेष ध्यान रखना चाहिए तथा तनाव मुक्त रहने का प्रयास करना चाहिए।

उसमति सिदार ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा संचालित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को अनदेखा न कर उसे अपनाना चाहिए, उनके द्वारा साझा किये गये अनुभवों को अनदेखा, झिझक एवं शर्म न करते हुए अपने परिवार एवं सगे संबंधियों को बताना चाहिए, जिससे समय पर संबंधित बीमारी का उपचार किया जा सके। कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम कोड़केल के प्रबुद्ध ग्रामवासी, महिलाएँ, ग्राम पंचायत के पंचगण, टीम सीएसआर, जेपीएल के अजय पटेल, प्रीती साहू, ग्राम प्रेरक, स्वास्थ्य संगिनियॉ उपस्थित थी। वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मण बहिदार ने किया।